नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी के पहले ऑनलाइन रिफ्रेशर पाठ्यक्रम के लिए प्रतिभागियों में उत्साह

वर्धा, 7 मार्च 2019: मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की नवोन्मेषी पहल के द्वारा शुरू किए गए अर्पित (ARPIT) कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च शिक्षा (महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों) से जुड़े प्राध्यापकों के लिए ऑनलाइन रिफ्रेशर पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। यह पाठ्यक्रम 70 संस्थाओं द्वारा विभिन्न अनुशासनों में चलाए जा रहे हैं। हिंदी साहित्य एवं भाषाविज्ञान के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा को जिम्मेदारी दी गई है। विश्वविद्यालय ने हिंदी साहित्य का पहला ऑनलाइन रिफ्रेशर पाठ्यक्रम शुरू किया जो नवंबर 2018 से प्रारंभ होकर 28 फरवरी 2019 तक आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों के लिये देश भर के विभिन्न केंद्रों पर एक ऑनलाइन परीक्षा 30 मार्च 2019 को दो पालियों में सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय ने तय समय सीमा में यह पाठ्यक्रम तैयार कर संबंधित पोर्टल (SWAYAM) पर अपलोड कर दिया है। इसके अंतर्गत कुल 40 मॉड्यूल्स निर्मित किये गए हैं, जिसको देश के प्रतिष्ठित हिंदी के विद्वानों द्वारा तैयार किया गया है। यह रिफ्रेशर पाठ्यक्रम बीसवीं शताब्दी की हिंदी कविता के प्रमुख प्रस्थानों पर केंद्रित रहा, जिसे देश भर के हिंदी प्राध्यापकों ने अत्यंत उत्साह से स्वीकार किया है। इस पाठ्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागी पंजीकृत हुए थे जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक आदि प्रदेशों के प्रतिभागी शामिल हैं। इस पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समतुल्यता प्रदान की है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित रिफ्रेशर कार्यक्रम को माननीय कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र जी के कुशल नेतृत्व में तैयार किया गया है जिसके संयोजक प्रो. अखिलेश दुबे तथा सहसंयोजक डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी है।

---

## हिंदीचा पहिला ऑनलाइन रिफ्रेशर अभ्यासक्रम तयार

वर्धा, 7 मार्च 2019: मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकारच्या नवोन्मेषी पुढाकारातून सुरू करण्यात आलेल्या अर्पित (ARPIT) कार्यक्रमा अंतर्गत उच्च शिक्षणाशी (महाविद्यालये आणि विद्यापीठे) संबंधित प्राध्यापकांकरिता ऑनलाइन रिफ्रेशर अभ्यासक्रम सुरू करण्यात आला आहे. हा अभ्यासक्रम 70 संस्थांमध्ये रा विविध विषयांमध्ये चालू आहे. हिंदी साहित्य आणि भाषाविज्ञान विषयाकरिता महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा यांना जबाबदारी दिली आहे. विश्वविद्यालयाने हिंदी साहित्याचा पहिला ऑनलाइन रिफ्रेशर अभ्यासक्रम सुरू केला जो नोव्हेंबर 2018 पासून 28 फेब्रुवारी 2019 पर्यंत घेण्यात आला. या अभ्यासक्रमात सहभागी झालेल्याकरिता एक ऑनलाइन परीक्षा 30 मार्च 2019 रोजी दोन सत्रात सम्पन्न होईल. विश्वविद्यालयाने निर्धारित वेळेत हा अभ्यासक्रम तयार करुन तो स्वयंम या पोर्टलवर (SWAYAM) अपलोड केला आहे. या अंतर्गत 40 मॉड्यूल्स तयार करण्यात आले असून ते वीसाव्या शतकातील हिंदी कविता यावर आधारित आहे. यात जवळपास 300 प्राध्यापकांनी नोंदणी केली होती. ते महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक इत्यादी राज्यातील आहेत. या अभ्यासक्रमाला विश्वविद्यालय अनुदान आयोगाने समतुल्यता प्रदान केली आहे. हा अभ्यासक्रम कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या नेतृत्वात संयोजक प्रो. अखिलेश दुबे एवं सहसंयोजक डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी यांच्या मार्गनिर्देशनात तयार करण्यात आला आहे.

***मा. संपादक/संवाददाता महोदय,***

***कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करें। धन्यवाद।***